दिनांक-27फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जनगणना 20-2021 के लिए मकानों की नंबरिंग हुई प्रारंभ , निगम सभागार में ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जनगणना 2021 के लिए मकानों की नंबरिंग प्रारंभ हो चुकी है! जनगणना कार्य से संबंधित जानकारी एवं नंबर लिखने के लिए भवन चयन का विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए आज पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सहायक अध्यापक प्रदीप राजपूत एवं अंजय तिवारी द्वारा निगम सभागार में अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया! पावर पॉइंट प्रोजेक्टर के माध्यम से मकानों की नंबरिंग के लिए भवन, दुकान के चयन एवं नंबर देने के तरीका को विस्तार से बताया गया! मकानों/आवासों एवं नवनिर्मित मकानों को शामिल कर किस प्रकार नंबर देना है की जानकारी भी प्रशिक्षण में प्रदाय की गई! जनगणना कार्य के लिए मकान सूचीकरण व गणना जनसंख्या के आधार पर ब्लॉक बनाने और मकान को नंबर देने संबंधी जानकारी प्रदाय की गई! जनगणना के लिए नियुक्त अधिकारियों को भवनों की नंबरिंग , वार्ड व क्षेत्र अनुसार लैंडमार्क करना तथा फील्ड से आने वाली जानकारियों को ऑनलाइन प्रविष्टि के साथ ही ऑफलाइन रिकॉर्ड तैयार करने की जानकारी दी गई! कंप्यूटर ऑपरेटरों को यह बताया गया कि किस प्रकार से सर्वे से प्राप्त जानकारी को ऑनलाइन डाटा प्रविष्टि किया जाना है!

जनसंपर्क अधिकारी